# विश्व की जलवायु एवं जलवायु परिवर्तन

**1. कोपेन द्वारा विकसित जलवायु के वर्गीकरण में किस पद्धति का सबसे व्यापक उपयोग किया जाता है?**
(a) व्यवस्थित
(b) आनुभाविक
(c) अनुप्रयुक्त
(d) जननिक

**2. उष्ण कटिबंधीय आर्द्र जलवायु प्रदेश के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. उष्ण कटिबंधीय आर्द्र जलवायु विषुवत् वृत्त के निकट पाई जाती है।**
**2. उष्ण कटिबंधीय आर्द्र जलवायु प्रदेश में वर्ष के प्रत्येक माह में दोपहर के बाद गरज और बौछारों के साथ प्रचुर मात्रा में वर्षा होती है।**
**3. उष्ण कटिबंधीय आर्द्र जलवायु प्रदेश में व्यापक जैव विविधता वाले उष्ण कटिबंधीय सदाहरित वन पाए जाते हैं।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

**3. भारतीय प्रायद्वीप के अधिकतर भागों को कोपेन की पद्धति के अनुसार निम्नलिखित में से वगीकृत किया जाएगा-**
(a) Af
(b) BSh
(c) Cfb
(d) Am

**4. भूमध्यसागरीय जलवायु के संबंध में नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. इस प्रकार की जलवायु 50° से 60° अक्षांशों के मध्य महाद्वीपों के पूर्वी तट पर पाई जाती है।**
**2.मृदु एवं वर्षायुक्त सर्दियाँ इस जलवायु की विशेषता है।**
**3.मध्य कैलिफोर्निया, मध्य चिली तथा ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण-पूर्वी और दक्षिण-पश्चिमी तट पर इस प्रकार की जलवायु पाई जाती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

**5. काई, लाइकेन तथा पुष्पी पादप जैसी छोटी वनस्पतियाँ किस प्रकार के जलवायु प्रदेश में पाई जाती हैं?**
(a) हिमटोप जलवायु
(b) शीत हिम-वन जलवायु
(c) टुंड्रा जलवायु
(d) भूमध्यसागरीय जलवायु

**6. पृथ्वी की उत्पत्ति के आरंभकाल से जलवायु परिवर्तन होता रहा है। इस तथ्य के पक्ष में किस/किन प्रमाणों को प्रस्तुत किया जाता है?**
**1. हिमानी निर्मित झीलों में अवसादों का निक्षेपण**
**2. वृक्षों के तनों में पाये जाने वाले वलय।**
**3.मरुस्थलीय क्षेत्रों में पाई जाने वाली अपरदनात्मक स्थलाकृतियाँ।**
**कूट:**
(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 3
(d) केवल 2 और 3

**7. हिमयुग और अंतर-हिमयुग पृथ्वी के विकास के किस कालखंड से संबंधित रहे हैं?**
(a) प्लीस्टोसीन युग
(b) कैंब्रियन युग
(c) जुरैसिक युग
(d) सिलुरियन युग

**8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. वे गैसें जो विकिरण की लघु तरंगों का अवशोषण करती हैं, ग्रीनहाउस गैसें कहलाती हैं।**
**2.ग्रीनहाउस गैसों में सबसे अधिक सांद्रण कार्बन डाइऑक्साइड का है।**
**3.समतापमंडल में पराबैंगनी किरणें ऑक्सीजन का ओज़ोन में परिवर्तित कर देती हैं।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

(d) उपर्युक्त सभी

**9. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| सूची-I(घास का प्रकार) | | सूची-II(देश) | |
|---|---|---|---|
| A | लानोज़ | 1 | ऑस्ट्रेलिया |
| B | प्रेयरीज़ | 2 | वेनेज़ुएला |
| C | पम्पास | 3 | यू.एस.ए. |
| D | डाउन्स | 4 | अर्जेंटीना |

**कूट:-**

(a) **A**-4, **B**-2, **C**-1, **D**-3
(b) **A**-1, **B**-2, **C**-4, **D**-3
(c) **A**-3, **B**-1, **C**-4, **D**-2
(d) **A**-2, **B**-3, **C**-4, **D**-1

**10. निम्नलिखित में से कौन-सा एक विषुवतीय प्रदेश का प्रमुख व्यवसाय है?**

(a) उष्णकटिबंधीय फसलों को उगाना
(b) धान्य उगाना
(c) सिट्रस फलों का उगाना
(d) पशुपालन

**11. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| सूची-I(अक्षर कूट में जलवायु प्रकार) | | सूची-II(प्रमुख क्षेत्र) | |
|---|---|---|---|
| A | Aw | 1 | केंद्रीय कैलिफोर्निया |
| B | Af | 2 | भारतीय उपमहाद्वीप |
| C | Cs | 3 | अमेज़न जंगलों का उत्तर एवं दक्षिण |
| D | Am | 4 | पश्चिमी विषुवतीय अफ्रीका |

**कूट:-**

(a) **A**-4,**B**-2,**C**-1,**D**-3
(b) **A**-1,**B**-2,**C**-4,**D**-3
(c) **A**-3,**B**-4,**C**-1,**D**-2
(d) **A**-2,**B**-3,**C**-4,**D**-1

**12. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| सूची-I (वनस्पति) | | सूची-II(क्षेत्र) | |
|---|---|---|---|
| A | चैपेरल | 1 | उत्तरी अमेरिका |
| B | माकि | 2 | दक्षिणी यूरोप |
| C | फिनबॉस | 3 | दक्षिणी अफ्रीका |
| D | माले स्क्रब्स (मैली गुल्म) | 4 | ऑस्ट्रेलिया |

**कूट:-**

(a) **A**-4, **B**-2, **C**-1, **D**-3
(b) **A**-1, **B**-2, **C**-4, **D**-3
(c) **A**-3, **B**-1, **C**-4, **D**-2
(d) **A**-1, **B**-2, **C**-3, **D**-4

**13. भूमध्यरेखीय क्षेत्र के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?**

**1. यह एक महा तापीय (मेगा थर्मल) क्षेत्र है।**
**2. यह एक दृढ़पूर्ण क्षेत्र है।**
**3.यह उच्च वृद्धि का एक क्षेत्र है।**
**4.यह आकाशी लघुसरिताओं (एरियल स्ट्रीमलेट्स) का एक क्षेत्र है।**

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**

(a) केवल 1 और 4
(b) केवल 1 और 2
(c) 2, 3 और 4
(d) 1, 2 और 3

**14. निम्नलिखित में से किन शहरों में कोष्ण शीतोष्ण भूमध्यसागरीय जलवायु होती है?**

**1. केपटाउन 2.लॉस एंजिल्स**
**3.एडिलेट 4.सैंटियागो**

**कूट:**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3 और 4
(c) 1, 2 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

**15. निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं?**

**1. प्रमुख वाणिज्यिक मत्स्यन क्षेत्र उत्तरी गोलार्द्ध के ठंडे पानी में अपेक्षाकृत उच्च अक्षांश पर अवस्थित हैं।**
**2.सबसे अच्छे मत्स्यन क्षेत्र महाद्वीपीय मग्नतटों के ऊपर पाए जाते हैं, जो पानी की सतह से 200 मीटर से अधिक नीचे हैं और जहाँ सभी प्रकार का प्लैंक्टन प्रचुरता से मिलते हैं।**



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**3.कुछ उष्णकटिबंधीय देशों में संग्रहण एक महत्त्वपूर्ण वन आधारित आर्थिक गतिविधि है।**

**4.मध्य और दक्षिण अमेरिका में कटाई के उद्देश्य से महोगनी लकड़ी महत्त्वपूर्ण है।**

**कूट:**

(a) 1 और 2
(b) 2, 3 और 4
(c) 1, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**16. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए-**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| A. | विषुवतरेखीय क्षेत्र | 1. | पहाड़ी इलाकों में आर्द्र हवा की गतिविधियाँ |
| B. | प्रशांत महासागर | 2. | जलमग्न पर्वत शृंखला |
| C. | मध्य अटलांटिक | 3. | गर्म और उमस वाला क्षेत्र, कटक शीत ऋतु का न होना इसकी विशेषता है |
| D. | ऑरोग्राफिक वर्षा | 4. | ज्वालावृत्त |

**कूट:-**

(a) **A**-3, **B**-4, **C**-2, **D**-1
(b) **A**-1, **B**-2, **C**-4, **D**-3
(c) **A**-3, **B**-1, **C**-4, **D**-2
(d) **A**-1, **B**-2, **C**-3, **D**-4

**17. शीतोष्ण कटिबंधीय घास के मैदानों का उन क्षेत्रों से मिलान कीजिए-**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| A. | पुस्ताज़ | 1. | रॉकी की तलहटी |
| B. | डाउंस | 2. | हंगरी |
| C. | प्रेयरीज़ | 3. | ड्रेकन्सबर्ग और कालाहारी मरुस्थल के बीच |
| D. | वेल्ड | 4. | मर्रे डार्लिंग बेसिन |

**कूट:-**

(a) **A**-2, **B**-4, **C**-1, **D**-3
(b) **A**-1, **B**-2, **C**-4, **D**-3
(c) **A**-3, **B**-1, **C**-4, **D**-2
(d) **A**-1, **B**-2, **C**-3, **D**-4

**18. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए-**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| A. | उष्णकटिबंधीय पतझड़ वन | 1. | बबूल, बेर, नीम |
| B. | उष्णकटिबंधीय कँटीले वन | 2. | एक्सलवुड, तेंदू, अमलतास |
| C. | उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन | 3. | सफेद देवदार, हॉलोक, काली |
| D. | उष्णकटिबंधीय अर्द्ध सदाबहार वन | 4. | रोज़वुड, महोगनी, आबनूस |

**कूट:-**

(a) **A**-2, **B**-1, **C**-4, **D**-3
(b) **A**-1, **B**-2, **C**-4, **D**-3
(c) **A**-3, **B**-1, **C**-4, **D**-2
(d) **A**-1, **B**-2, **C**-3, **D**-4

**19. ब्रिटिश तुल्य जलवायु के बारे में क्या सही नहीं है?**

(a) यह वर्ष भर पछुआ पवन के प्रभाव में रहता है।
(b) अत्यधिक आरामयुक्त और मानसिक सजगता के लिए उपर्युक्त जलवायु है।
(c) उत्तरी अटलांटिक प्रवाह के प्रभाव और दक्षिणी पछुआ पवन के बने रहने के कारण सर्दियाँ हल्की रहती है।
(d) चक्रवातीय गतिविधियाँ न के बराबर होती हैं।

**20. निम्नलिखित में से कौन-से कारण किसी क्षेत्र की जलवायु को प्रभावित कर सकते हैं?**

**1. अक्षांश 2. पर्वत**
**3.ऊँचाई 4.भू-आकृति**
**5.ऊपरी वायु परिसंचरण**

**कूट:**

(a) केवल 1, 3 और 5
(b) केवल 2, 4 और 5
(c) केवल 1, 2 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

**21. विषुवतीय क्षेत्र में पाई जाने वाली प्राकृतिक वनस्पति के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

**1.विषुवतीय वनस्पति के अंतर्गत कठोर लकड़ी वाले सदाहरित वृक्ष, बेंत के वृक्ष, बेल, अधिपादक और परजीवी पादप आते हैं।**



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**2.विषुवतीय क्षेत्र में वृक्षों के अलावा एपीफाइट्स आदि का वृहत् स्तर पर विकास हुआ है।**
**3. एकल प्रजाति का वर्चस्व।**
**कूट:**
(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 2
(d) उपर्युक्त सभी

**22. भूमध्यसागरीय जलवायु के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
**1. वर्षा युक्त शीत ऋतु**
**2. गर्म शुष्क ग्रीष्म ऋतु**
**3. यहाँ पर जीव-जंतुओं की उच्च जैवविविधता पाई जाती है।**
**कूट:**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

**23. घास भूमियों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा /से कथन सत्य है/हैं?**
**1. शीतोष्ण घास भूमियों में उष्णकटिबंधीय घास भूमियों की अपेक्षा लंबी घास होती है।**
**2.कंपोस और लानोस उष्णकटिबंधीय घास भूमियों के उदाहरण हैं।**
**कूट:**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. घास भूमियाँ अंटार्कटिका को छोड़कर सभी महाद्वीपों में पाई जाती हैं।**
**2.यूक्रेन व दक्षिण-पश्चिमी रूस में छोटे घास के मैदानों को 'कंपोस' कहा जाता है।**
**3.भारत में उष्णकटिबंधीय घास स्थलों का प्रतिरूप विकसित है।**
**कूट**
(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त सभी

**25. बाह्य वायुमंडल पृथ्वी के वायुमंडल की एक परत है, यह रेडियो संचार में सहायक होती है, क्यों?**
**1. ओज़ोन परत की मौजूदगी के चलते रेडियो तरंगें पृथ्वी की ओर परावर्तित होती हैं।**
**2.रेडियो तरंगों की तरंगदैर्ध्य बहुत अधिक होती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**26. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. वालरस केवल ध्रुवीय प्रदेश में पाया जाने वाला जीव है, जो केवल ठंडी जलवायु में सुरक्षित रह सकता है।**
**2.टुंड्रा वनस्पति भूमध्यसागरीय प्रदेशों में पाई जाती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**27. शीत मरुस्थलों के सदंर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. शीत मरुस्थलों में गर्मियाँ लंबी और शुष्क होती है।**
**2.ये मरुस्थल साल के पूरे भाग में ध्रुवीय मरुस्थलों की तरह ठंडे नहीं होते हैं।**
**3.ये अधिक ऊँचाई पर तथा शीतोष्ण क्षेत्रों के वृष्टि छाया क्षेत्रों में पाए जाते हैं।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**28. निम्नलिखित जलवायविक लक्षणों पर विचार कीजिए-**
**1. स्पष्ट शुष्क तथा आर्द्र ऋतुएँ।**



उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**2.वर्ष भर ऊँचा तापमान।**

**3.अधिक सूर्यातप।**

**4.वार्षिक वर्षा 50 सेमी. से 160 सेमी. के बीच।**

**उपर्युक्त लक्षण किस बायोम से संबंधित हैं?**

(a) मानसूनी वन

(b) सवाना

(c) मरुस्थलीय

(d) भूमध्यसागरीय

**29. निम्नलिखित पारिस्थितिक वर्गीकरणों पर विचार कीजिए-**

**1. टुंड्रा**

**2.उष्णकटिबंधीय पर्णपाती**

**3.उष्णकटिबंधीय सदापर्णी**

**4.टेगा**

**इन पारिस्थितिक वर्गीकरण के धबलता परिमाण के बढ़ते क्रम में निम्नलिखित में से कौन-सा एक अनुक्रम सही है?**

(a) 1-2-3-4

(b) 4-3-2-1

(c) 3-2-4-1

(d) 1-3-2-4

**30. निम्नलिखित पर विचार कीजिए-**

**1. उच्च भूमिगम जल स्तर**

**2.वाष्पीकरण की ऊँची दर**

**3.नहरों द्वार सिंचाई**

**उपर्युक्त में से किससे /किनसे लवणीकरण संबंधित है/हैं?**

(a) केवल 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) उपर्युक्त सभी



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213